भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1915

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

झारखंड में आयुर्वेदिक चिकित्सक

1915. श्री मनीष जायसवाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पदों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) झारखंड में आज तक आयुर्वेदिक डॉक्टरों की कुल संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार ने उन लोगों के बीच आयुर्वेदिक चिकित्सा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कदम उठाए हैं जो मुख्य रूप से एलोपैथिक उपचार पर निर्भर हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या झारखंड राज्य में आयुर्वेदिक अस्पतालों/औषधालयों में डॉक्टरों की कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के पदों को स्वीकृत करना और उन पदों को भरना झारखंड सहित राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। झारखंड राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के 247 पद स्वीकृत हैं और आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पदों का जिला-वार विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद में पंजीकरण के अनुसार झारखंड में आज की तिथि तक कुल आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या 316 है।

(ग) और (घ): आयुष मंत्रालय द्वारा आयुष के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से केंद्रीय प्रायोजित योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है और निम्नलिखित गतिविधियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करके लोगों के बीच आयुर्वेदिक चिकित्सा सहित आयुष पद्धति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है:-

i. आयुर्वेद सहित आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का संचालन, जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) है जाता जाना से नाम।
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुर्वेद सहित आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना
iii. आयुर्वेद मौजूदा सहित एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन
iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास) के लिए भवन का निर्माण/ आयुर्वेद सहित नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण
v. 10/30/50 बिस्तरों तक के आयुर्वेद सहित एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुर्वेद सहित आयुष अस्पतालों को आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम
viii. व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण (बीसीसी)
ix. राज्य और जिला स्तर पर गतिशीलता सहायता
x. आयुष ग्राम
xi. उन राज्यों में आयुर्वेद सहित नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है
xii. आयुर्वेद सहित आयुष स्नातक संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास और आयुर्वेद सहित आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास/आयुर्वेद सहित पीजी/फार्मेसी/पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय आयुर्वेद सहित आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयुष में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना भी कार्यान्वित करता है। इस योजना का उद्देश्य देश भर में आबादी के सभी वर्गों तक पहुँचना है और इस योजना के तहत, मंत्रालय राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर आरोग्य मेले, योग फेस्ट/उत्सव, आयुर्वेद पर्व आयोजित करता है, आयुर्वेद दिवस सहित आयुष पद्धतियों के महत्वपूर्ण दिवस मनाता है, स्वास्थ्य फेयर/मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेता है, सेमिनार, कार्यशालाओं, सम्मेलनों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और मल्टीमीडिया अभियान आदि चलाता है।

(ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, झारखंड राज्य में आयुर्वेदिक अस्पतालों/औषधालयों में चिकित्सकों की नियुक्ति का कार्य राज्य सरकार का है। हालांकि, झारखंड राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के 247 स्वीकृत पदों में से 213 पद रिक्त हैं।

*****

संलग्नक

झारखंड में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पदों का जिला-वार विवरण:

क्र.सं.	**जिला**	**आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पद**
1	बोकारो	12
2	चतरा	13
3	देवघर	4
4	धनबाद	4
5	दुमका	16
6	पूर्वी सिंहभूम	17
7	गढ़वा	13
8	गिरिडीह	6
9	गोड्डा	6
10	गुमला	12
11	हजारीबाग	3
12	जामताड़ा	14
13	खूंटी	2
14	कोडरमा	12
15	लातेहार	13

16	लोहरदगा	6
17	पाकुर	13
18	पलामू	8
19	रामगढ़	1
20	रांची	16
21	साहेबगंज	9
22	सरायकेला	16
23	सिमडेगा	11
24	पश्चिमी सिंहभूम	20
कुल		**247**